एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मनीष मल्होत्रा और आलिया भट्ट की परफेक्ट सेल्फी

गणेश चतुर्थी के मौके पर बी-टाउन सिलेब्स ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस को बधाई दी। वहीं, कुछ स्टार्स ने अपने घर पर गणपति पूजन रखा और कुछ सितारों ने अपने दोस्तों के घर जाकर गणेश जी का आशीर्वाद लिया। इसके बाद इन लोगों ने तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। बता दें कि गणेश चतुर्थी के दिन मुकेश अंबानी ने घर पर गणेश चतुर्थी उत्सव मनाया था। इस दौरान कई फिल्म स्टार्स वहां मौजूद रहे और सभी ने सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें भी शेयर कीं। फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ऐक्ट्रेस आलिया भट्ट के साथ की सेल्फी शेयर की है। सेल्फी में मनीष मुस्कुरा रहे हैं, जबकि आलिया ने पाउटिंग कर रही हैं। इस तस्वीर के कैप्शन में मनीष ने लिखा, गॉरजस आलिया भट्ट के साथ और उन्होंने एक दिल वाला इमोजी भी बनाया। आलिया भट्ट ने फ्लोरल प्रिंट की साड़ी के साथ पिंक स्लीवलेस ब्लाउज पहन रखा था। आलिया भट्ट के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने पिता महेश भट्ट के डायरेक्शन में बन रही फिल्म सड़क 2 में आदित्य रॉय कपूर और संजय दत्त के साथ ऊंटी शेड्यूल को कंप्लीट कर लिया है। इसके अलावा वह डायरेक्टर अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में अपने बॉयफ्रेंड रणबीर कपूर के साथ नजर आएंगी।

कहां हम कहां तुम में होगी फरनाज शेट्टी की एंट्री

फरनाज शेट्टी जो पिछली बार टीवी शो सिद्धि विनायक में नजर आई थीं, अब जल्द ही स्टार प्लस के पॉप्युलर टीवी शो कहां हम कहां तुम में नजर आएंगी। इस शो में रोहन सिप्पी का किरदार निभा रहे करण वी ग्रोवर की गर्लफ्रेंड रायमा के किरदार में नजर आएंगी। शो में फिलहाल दिखाया जा रहा है कि रायमा कोमा में हैं और इलाज के लिए उसकी मां उसे मुंबई लेकर आई है। रायमा की सेहत में सुधार दिख रहा है और आने वाले दिनों में उसे होश भी आ जाएगा। माना जा रहा है कि रायमा की एंट्री से शो के ट्रैक में जबरदस्त ड्रामा और ट्विस्ट देखने को मिलेगा। फिलहाल सोनाक्षी रोहन सिप्पी के प्यार में है। हालांकि रोहन को यह बात पता नहीं है। वह सोनाक्षी को सिर्फ अच्छी दोस्त मानता है। अपने कैरेक्टर के बारे में बात करते हुए फरनाज ने बताया, मेरे कैरेक्टर का नाम रायमा है और मैं शो में करण की एक्स-गर्लफ्रेंड के तौर पर नजर आऊंगी। कहानी के मुताबिक, मेरे ऐक्सिडेंट के बाद करण और मेरा संपर्क खत्म हो गया था। मैं यानी रायमा कोमा में चली गई थी। लेकिन 4 साल बाद उसे होश आ गया है। वह करण की लाइफ में वापस लौटेगी और यह वापसी एक बेहद दिलचस्प मोड़ पर होगी। वैसे एक खास बात है, और वह यह कि फरनाज ने आज तक ज्यादातर शोज बीच में ही जॉइन किए हैं। इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हां, मैंने हर शो बीच में ही जॉइन किया है। लेकिन अब मुझे इस बात से फर्क नहीं पड़ता। हालांकि अपने किरदार को स्थायी बनाने में आपको काफी टाइम और मेहनत लगती है। कहां हम कहां तुम को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। शो में सोनाक्षी नाम की टीवी ऐक्ट्रेस का किरदार ऐक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इब्राहिम निभा रही हैं। करण और दीपिका की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री भी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है।

नागिन का हिस्सा बनना चाहती हैं रिद्धिमा पंडित

टीवी शो बहू हमारी रजनीकांत में रजनी का किरदार निभाकर पॉप्युलैरिटी बटोरने वालीं ऐक्ट्रेस रिद्धिमा पंडित हाल ही में शुरू हुए टीवी शो हैवान में एक दिलचस्प किरदार में नजर आ रही हैं। रिद्धिमा एकता कपूर के इस नए शो में काम करने को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। हालांकि उनकी ख्वाहिश है कि उन्हें नागिन में काम करने का मौका मिले।

टेली चक्कर के अनुसार, जब रिद्धिमा से पूछा गया कि क्या वह सुपरनैचरल शोज में काम करने के लिए तैयार हैं और अगर मौका मिला तो क्या वह नागिन में काम करना चाहेंगी? इस पर रिद्धिमा ने कहा, हां क्यों नहीं। भला कोई क्यों नागिन जैसी हिट फ्रेंचाइजी में काम नहीं करना चाहेगा? एक ऐक्टर होने के नाते आप ऐसी हिट प्रॉपर्टी के साथ जरूर जुड़ना चाहेंगे। बता दें कि टीवी शो हैवान भी एकता कपूर का ही है। आगे यह पूछे जाने पर कि क्या एकता कपूर के शो का हिस्सा। बता दें कि हैवान में रिद्धिमा एक पुलिस अफसर के रोल में नजर आएंगी।

यह शो 31 अगस्त से जी टीवी पर शुरू हो चुका है। शो में नागिन 3 फेम अंकित मोहन हैवान का रोल प्ले कर रहे हैं। शो में परम सिंह भी नजर आएंगे। बात करें रिद्धिमा के प्रफेशनल फ्रंट की, तो उन्होंने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद बहू हमारी रजनीकांत शो से टीवी पर डेब्यू किया। इस शो के बाद उन्होंने फिक्शन शोज से ब्रेक ले लिया था और खतरों के खिलाड़ी के अलावा कुछ रिऐलिटी शोज में हिस्सा लिया। अब हैवान के जरिए रिद्धिमा ने फिक्शन स्पेस में वापसी की है।